चेन्नई नराकास की 67वीं बैठक आयोजित

चेन्नई, 5 नवंबर-(मिलाप ब्यूरो) चेन्नई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक एवं वि.स.) की 67वीं बैठक का आयोजन इंडियन बैंक की प्रबंध-निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी पद्मजा चुंडूरू की अध्यक्षता में इंडियन बैंक के एमआरसी नगर, चेन्नई स्थित स्टाफ प्रशिक्षण कॉलेज किया गया।

बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की महाप्रबंधक सुमन राय, तमिलनाडु क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड के महाप्रबंधक पद्मा रघुनाथन, इंडियन बैंक (मासंप्र/राभा) के महाप्रबंधक पी.सी. दास एवं बैंक के अन्य सदस्यों व राजभाषा अधिकारियों ने भाग लिया। दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ हुआ। सहायक महाप्रबंधक (राभा) डॉ.बीरेंद्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। अवसर पर पी.सी. दास ने समिति के कार्यकलापों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समिति को मिल जुलकर कार्य करने और राजभाषा कार्यान्वयन को गति प्रदान करने की बात कही।

मुख्य महाप्रबंधक सुमन राय ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक और किसान तक पहुँचने के लिए हिन्दी बेहद महत्वपूर्ण है। पद्मा रघुनाथन ने सरल व बोलचाल की हिन्दी के प्रयोग करने पर जोर दिया। समिति की अध्यक्ष पद्मजा चुंडूरू ने कहा कि चेन्नई में हिन्दी बोलने वालों की संख्या काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि यहाँ हिन्दी बेहद लोकप्रिय भाषा है। बैंकों द्वारा आयोजित बैठक कार्यक्रम से हिन्दी का महत्व और अधिक बढ़ गया है। नराकास की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि समिति अच्छा प्रदर्शन कर रही है। राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के पालन करने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग करने का आग्रह किया।

सचिव अजय कुमार ने नराकास की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सहायक महाप्रबंधक डॉ. बीरेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यालयों के सदस्यों से प्राप्त रिर्पोटों की समीक्षा की। अवसर पर चेन्नई नराकास की गृह पत्रिका 'चेन्नई भारती' का विमोचन किया गया। सुरेश कुलकर्णी, इंडियन ओवरसीज बैंक के सहायक महाप्रबंधक (राभा) ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।